प्रश्नपत्र संख्या
18 08 2

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्‌यालय का नाम – ..........................................................................

प्रतियोगी का नाम – .................................... ह० .............. अनुक्रमांक – ..............

**कुल समय: 1 घंटा** | **कक्षा-8** | **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।

2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-1) अंक दिए जाएँगे।

3) कुल प्रश्न 50 हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

**सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं। प्रश्न पत्र में नहीं।**

**प्रश्न 1. हिंदी और संस्कृत भाषाओं की लिपि का नाम ........................ है।**

(क) देवनागरी (ख) रोमन

(ग) फारसी (घ) गुरुमुखी

**प्रश्न 2. भावों या विचारों का आदान-प्रदान किसके द्वारा होता है?**

(क) लिपि के द्‌वारा (ख) भाषा के द्‌वारा

(ग) व्याकरण के द्‌वारा (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 3. 'कवर्ग' में आने वाला वर्ण कौन-सा है?**

(क) ग (ख) घ

(ग) ख (घ) सभी

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर है?**

(क) इ (ख) व

(ग) स (घ) क

**प्रश्न 5. 'महिला' शब्द का बहुवचन होगा–**

(क) महिलाओं (ख) महिलाएँ

(ग) महिलावृंद (घ) कोई नहीं

**प्रश्न 6. लिंग बोध कराते हैं–**

(क) पुरुष जाति का

(ख) स्त्री जाति का

(ग) स्त्री या पुरुष जाति का

(घ) पुरुष और स्त्री दोनों जातियों का

**प्रश्न 7. 'गायक' शब्द का बहुवचन होगा–**

(क) गायकों (ख) गायकी

(ग) गायकजन (घ) गायकवृंद

**प्रश्न 8. रेखा कलम से लिखती है, वाक्य में 'से' कारक चिह्न है–**

(क) कर्ता (ख) अधिकरण

(ग) करण (घ) अपादान

**प्रश्न 9. सर्वनाम शब्दों का प्रयोग होता है–**

(क) संज्ञा शब्दों के साथ (ख) संज्ञा शब्दों के पक्ष में

(ग) संज्ञा शब्दों के स्थान पर (घ) ये सभी

**प्रश्न 10. 'समय पर अपना कार्य करने वाले' के लिए विशेषण लगता है–**

(क) परिश्रमी (ख) नियमित

(ग) बुद्धिमान (घ) सामयिक

**प्रश्न 11. 'वन्य पशुओं में चीता ही सबसे तेज़ दौड़ता है', इस वाक्य में तेज़ शब्द है–**

(क) स्थानवाचक क्रियाविशेषण (ख) समयवाचक

(ग) परिणामवाचक (घ) रीतिवाचक

**प्रश्न 12. 'सीता राम के पास बैठी थीं', इस वाक्य में संबंधबोधक अव्यय है–**

(क) सीता (ख) राम

(ग) पास (घ) बैठी थीं।

**प्रश्न 13. शोक का भाव व्यक्त करने वाले विस्मयादिबोधक शब्द का सही विकल्प चुनिए–**

(क) अरे! (ख) वाह!

(ग) ओह! एवं आह! (घ) कोई नहीं

**प्रश्न 14. स्वीकृतिबोधक शब्द कौन-सा है–**

(क) जी हाँ (ख) सावधान

(ग) हे राम (घ) शाबाश

**प्रश्न 15. अध्यापक शब्द का पर्याय है–**

(क) प्राचार्य (ख) गुरु

(ग) पंकज (घ) निर्देशक

**प्रश्न 16. आकर्षण का विलोम होगा–**

(क) अंवेषण (ख) विकर्षण

(ग) अनाकर्षण (घ) गुरुत्वाकर्षण

**प्रश्न 17. 'गृह' का अर्थ घर और 'ग्रह' का अर्थ ……………… होता है–**

(क) आकाश (ख) नक्षत्र

(ग) आँधी (घ) बादल

**प्रश्न 18. जब उसका ……………………… रो रहा था, मैं सूत कात रही थी।**

(क) ऊन (ख) सुतली

(ग) डोरी (घ) सुत

**प्रश्न 19. 'अन्न' का अर्थ अनाज है और 'अन्य' का अर्थ होता है–**

(क) जल (ख) अपना

(ग) दूसरा (घ) चावल

**प्रश्न 20. 'ताल' शब्द का एक अर्थ छोटा तालाब होता है और दूसरा अर्थ–**

(क) एक पेड़ होता है

(ख) संगीत की थाप या सुर होता है

(ग) कागज का समतल भाग होता है

(घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 21. शब्दों को संक्षिप्त रूप में लिखने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(क) निर्देशक-चिह्न (ख) पूर्णविराम-चिह्न

(ग) लाघव-चिह्न (घ) योजक-चिह्न

**प्रश्न 22. प्रश्नसूचक चिह्न कौन-सा है–**

(क) । (ख) ?

(ग) , (घ) !

**प्रश्न 23. 'गिरीश' शब्द का संधि-विच्छेद है–**

(क) गिरि + ईश (ख) गिरी + ईश

(ग) गिरि + इश (घ) गिर + ईश

**प्रश्न 24. 'प्रत्येक' शब्द का संधि-विच्छेद है–**

(क) प्रत + एक (ख) प्रति + एक

(ग) प्रती + एक (घ) प्रत्ये + एक

**प्रश्न 25. 'यथाशक्ति' का उचित विग्रह होगा–**

(क) शक्ति के अनुसार (ख) शक्ति अनुसार

(ग) शक्ति अनुसार के (घ) शक्ति के सार

**प्रश्न 26. 'नर-नारी' का उचित विग्रह होगा–**

(क) नर और नारी (ख) नर नारी

(ग) नर की नारी (घ) नारी नर

**प्रश्न 27. 'काया पलट हो जाना' मुहावरे का अर्थ है–**

(क) बदल जाना
(ख) बहुत लाभ होना
(ग) बीमारी दूर होना
(घ) काम बन जाना

**प्रश्न 28. घी के दीये जलाना–**

(क) काम बिगाड़ देना
(ख) नुकसान करना
(ग) पुरानी बातें दोहराना
(घ) खुशियाँ मनाना

**प्रश्न 29. 'मुख' में इक प्रत्यय लगने से बना शब्द है–**

(क) मौखिक
(ख) मूखिक
(ग) मुखिक
(घ) मोखिक

**प्रश्न 30. 'पालक' में मूल शब्द है–**

(क) पाल
(ख) पालक
(ग) पाला
(घ) पलाक

**प्रश्न 31. 'अवगुण' में उपसर्ग है–**

(क) अ
(ख) अव
(ग) अवग
(घ) गुण

**प्रश्न 32. 'अत्यंत' में उपसर्ग है–**

(क) अति
(ख) अ
(ग) अत्
(घ) अत

**प्रश्न 33. सब कुछ जानने वाला–**

(क) सर्वज्ञ
(ख) सर्व
(ग) विद्वान
(घ) सर्वज्ञवान

**प्रश्न 34. ईश्वर में विश्वास रखने वाला–**

(क) नास्तिक (ख) धार्मिक

(ग) आस्तिक (घ) पुजारी

**प्रश्न 35. 'कार्य' का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(क) क् + आ + र् + य् + अ (ख) क + आ + र् + य् + अ

(ग) क् + आ + र् + य + अ (घ) क् + अ + र् + य् + अ

**प्रश्न 36. 'त्रिशूल' का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(क) त् + र् + इ + श् + ऊ + ल् + अ (ख) त + र् + इ + श् + ऊ + ल् + अ

(ग) त + र् + इ + श् + उ + ल् + अ (घ) त् + र् + इ + श् + ऊ + ल + अ

**प्रश्न 37. सरल वाक्य का उदाहरण वाला विकल्प है–**

(क) ईशान तो आया लेकिन पढ़ने लगा।

(ख) ईशान आया लेकिन पढ़ाई नहीं की।

(ग) जब ईशान आया तब वह घूमने चलने गया।

(घ) ईशान पढ़ने लगा।

**प्रश्न 38. वाक्य के कितने अंग होते है–**

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

**प्रश्न 39. अव्ययीभाव समास का पहला शब्द है–**

(क) अव्यय (ख) समास

(ग) भाव (घ) शब्द

**प्रश्न 40. किस समास में योजक चिह्न लगता है?**

(क) द्विगु (ख) द्वंद्व

(ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

**प्रश्न 41. इनमें से आगत ध्वनि वाला शब्द है–**

(क) कॉफी (ख) आगत

(ग) बाल (घ) कनक

**प्रश्न 42. नुक्ता वाला शब्द है–**

(क) बिंदु (ख) फल

(ग) ज़मीन (घ) कंगन

**प्रश्न 43. सही शब्द बताइए–**

(क) उजवल (ख) उज्ज्वल

(ग) उज्वल (घ) उज्जवल

**प्रश्न 44. सही शब्द बताइए–**

(क) सन्यास (ख) संन्यास

(ग) सन्न्यास (घ) सम्न्यास

**प्रश्न 45. 'दवाई' शब्द का बहुवचन है–**

(क) दवाईया (ख) दवाईयाँ

(ग) दवाइयाँ (घ) दवाइया

**प्रश्न 46. 'ग्वाला' शब्द का स्त्रीलिंग है–**

(क) ग्वाली (ख) ग्वालिन

(ग) ग्वालियाँ (घ) ग्वालि

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प का गोला भरिए–**

हमारा देश 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र हो गया था, परंतु हमारा अपना कोई संविधान नहीं था। 26 जनवरी, 1950 के शुभ दिन हमने अपने देश के लिए नया संविधान बनाया। डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने। इसी दिन भारत संप्रभुता संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बना। 26 जनवरी को मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। सभी धर्मों के लोग इसे उत्साह के साथ मनाते हैं। आज हम सब एक नए भारत के निर्माण की ओर बढ़ रहे है। जिसमें सभी सुखी होंगे, सबको समान न्याय तथा उन्नति के समान अवसर मिलेंगे। हमारी आज़ादी विश्व के सभी गुलाम देशों की आज़ादी का प्रतीक बन गई है।

**प्रश्न 47. 15 अगस्त, 1947 को देश के पास क्या नहीं था?**

(क) स्वतंत्रता

(ख) अपना कानून

(ग) अपना संविधान

(घ) अपना राष्ट्रगान

**प्रश्न 48. हमारा संविधान कब बना?**

(क) 15 अगस्त, 1947

(ख) 26 जनवरी, 1947

(ग) 26 जनवरी, 1950

(घ) 15 अगस्त, 1950

**प्रश्न 49. इस दिन भारत क्या बना?**

(क) संप्रभुता संपन्न गणराज्य

(ख) संप्रभुता संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य

(ग) एक स्वतंत्र देश

(घ) उन्नतिशील

**प्रश्न 50. आज हम किस ओर बढ़ रहे हैं?**

(क) नए भारत के निर्माण की ओर

(ख) सुखी होने की ओर

(ग) समान न्याय की ओर

(घ) उपर्युक्त तीनों की ओर

हिंदी विकास मंच